क्रम सं.- भाविप्रा/जोध०/वि.नि./सीएनएस/कार्यादेश/2021/ 2290 - 96 दिनांक : 21/12/2021 22

## कार्यादेश

सेवा में,

**पूजा बिल्डकोन कन्स्ट्रकशन,**
1616/23 विजय नगर,
गोहाना बाइपास,जींद,हरियाणा–126102
(M) 9518128015

**Pooja Buildcon Construction,**
1616/23, Vijay Nagar,
Gohana By-Pass, Jind, Hariyana – 126102.
(M) 9518128015

**विषय: WORK ORDER FOR JOB CONTRACT OF CONSERVENCY WORK FOR DAILY UPKEEP OF CNS & AS EQUIPMENT AT JODHPUR AIRPORT.**

**संदर्भ -** (अ) ई-निविदा संख्या - **2021_AAI_92427_1**
(ब) वेंडर क्यूरी और भाविप्रा, जोधपुर के जवाब - **शून्य**
(स) शुद्धिपत्र - **शून्य**
(द) निविदा के संबंध में अन्य कोई पत्राचार - **शून्य**

**महोदय,**

जोधपुर हवाई अड्डे पर संचार अनुभाग की उपरोक्त संदर्भित निविदा के संबंध मे आपके द्वारा प्रस्तुत वाणिज्यिक प्रस्ताव दिनांक 26-नवम्बर-2021 को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। इस कार्य हेतु आपके द्वारा कोटेड राशि रु. 1,68,168.00 /- मात्र (रुपये एक लाख अड़सठ हजार एक सौ अड़सठ मात्र) स्वीकार की जाती है, जिसमे कि निविदा के सामान्य नियम एवं शर्तों के अनुसार जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस शामिल नहीं है और आपका निविदा ऑफर बिना जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस के उचित लागत रु. 1,93,393/- (रुपये एक लाख तेरानवे हजार तीन सौ तेरानवे मात्र) से 13.04% कम है। जी.एस.टी., ई.पी.एफ., ई.एस.आई., ई.डी.एल.आई., एडमिन चार्ज एवं बोनस का भुगतान वास्तविक राशि के हिसाब से अतिरिक्त भुगतान के तौर पर किया जाएगा।

2) **मूल्य अनुसूची -** अनुलग्नक-अ के अनुसार होगी।

3) **कार्य शुरू करने की तारीख** - 01/जनवरी/2022 होगी।

पृष्ठ-2 पर जारी

4) इस पत्र की प्राप्ति के 15 दिनों के अंदर उपरोक्त वर्णित राशि रु0 1,68,168.00 /- मात्र (रुपये एक लाख अड़सठ हजार एक सौ अड़सठ मात्र) का 3% सुरक्षा धनराशि रु 5,045/- (रुपये पाँच हजार पैंतालीश मात्र) के रूप मे DD/NEFT/Bank Guarantee द्वारा जमा कराएं। डिमांड ड्राफ्ट "Airports Authority Of India" के पक्ष में payable at Jodhpur होना चाहिए। Bank Guarantee का Cover Message निविदा दस्तावेज़ के Annexure-I के अनुसार होना चाहिए जिससे समय पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा सत्यापन का कार्य हो सकें।

5) विमानपत्तन निदेशक, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर इस कार्य हेतु प्रभारी अधिकारी होंगे। अनुबंध समझौते (निविदा दस्तावेज़ के Annexure-J के अनुसार) को पूरा करने व उस पर हस्ताक्षर करने के लिए इस पत्र के जारी होने के 30 दिवस की अवधि में विमानपत्तन निदेशक, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर-342011 के कार्यालय में उपस्थित होवें। अनुबंध समझौता रु. 500/- (पाँच सौ रुपए मात्र) के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निष्पादित किया जाएगा और स्टाम्प पेपर का खर्च आपके द्वारा वहन किया जाएगा।

6) अनुबंध की अवधि कार्य शुरू करने (हवाई अड्डे पर मैनपावर उपलब्ध कराने) की तिथि से 12 माह तक की होगी, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर समान नियम एवं शर्तों के अनुसार अतिरिक्त छ: माह के लिए बढ़ाया जा सकता है।

7) इस अनुबंध के संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार विमानपत्तन निदेशक, सिविल हवाई अड्डा, जोधपुर के नाम पर करना होगा।

8) प्रबन्धक (संचार) इस कार्य के लिए प्रोजेक्ट मैनेजर होंगे, जो निविदा दस्तावेज के अनुसार अनुबंध के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार होंगे। कार्य को निविदा दस्तावेज़ मे दर्शायी गयी तकनीकी आवश्यकताओं और निर्दिष्ट मानकों के अनुसार निष्पादित किया जाना है।

9) आप से अनुरोध है कि आप संविदा श्रम (विनियम, वं उन्मूलन) अधिनियम 1970 तथा संविदा श्रम (विनियम व उन्मूलन) केन्द्रीय नियम 1971, बाल श्रम (प्रतिबंधन व उन्मूलन) अधिनियम 1986, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948, ई.पी.एफ. अधिनियम 1952 व कर्मचारी बीमा अधिनियम 1948 के प्रावधानों और केन्द्रीय व राज्य सरकारों के तद्संबंधी नियमों का अनुपालन करें।

10) मुख्य श्रम आयुक्त (Central) द्वारा जारी श्रम शक्ति दरों मे परिवर्तन/परिवर्धन होने पर तदनुसार देय होगा।

11) विमानपत्तन निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, जोधपुर इस कार्य आदेश के लिए भुगतान के प्राधिकारी होंगे।

12) बिल का भुगतान संबंधित अधिकारी के सत्यापन के बाद ही किया जायेगा। भुगतान भा.वि.प्रा. के जोधपुर स्थित कार्यालय द्वारा सीधे पूजा बिल्डकोन कन्स्ट्रकशन के खाते में किया जायेगा जिसमें 40-45 दिन लगने की सम्भावना होगी।

पृष्ठ-3 पर जारी

13) **भुगतान हेतु बिल निम्न के साथ प्रेषित करें-**

(अ). Tax Invoices in triplicate (GST No of AAI Jodhpur - 08AAACA6412D1Z8)

(ब). बैंक द्वारा प्रमाणित भुगतान के खाते का विवरण जिसमें खाताधारक का नाम, खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम तथा IFSC Code की पूर्ण जानकारी हो।

(स). उपस्थिती रजिस्टर, Wage Muster Copy & Proof of Payment before $7^{Th}$ of each month by A/C Payee Cheque/NEFT/RTGS.

(द) ई.पी.एफ., ई.एस.आई. एवं बोनस इत्यादि के भुगतान संबन्धित दस्तावेज़।

14) **एंट्री पास** - भाविप्रा के नियमानुसार टर्मिनल बिल्डिंग तथा एयर-साइड कार्य हेतु BCAS द्वारा समय समय पर जारी गाइडलाइन के अनुसार एयरपोर्ट एंट्री पास प्राप्त करने की पूर्ण ज़िम्मेदारी फ़र्म की होगी और इस संबंध मे मुख्य सुरक्षा अधिकारी, भाविप्रा जोधपुर से पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

15) आपसे अनुरोध है कि आप COVID-19 महामारी के रोकथाम के लिए भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य/कैंन्द्र शासित प्रदेश सरकारों और राज्य / संघ शासित क्षेत्र प्राधिकरणों द्वारा किए जाने वाले उपायों पर दिशानिर्देशों का अनुपालन करे।

16) यह कार्यदेश अनुबंध का एक हिस्सा होगा तथा निविदा दस्तावेज और शुद्धि-पत्र (यदि कोई हों) में उल्लिखित सभी नियम और शर्तें लागू होंगी।

17) इस कार्यादेश की एक प्रति के प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत हस्ताक्षर करके स्वीकृति के रूप में इस कार्यालय को प्रेषित करें।

संलग्नक - **यथोपरि।**

------sd-----

(अवधेश अग्रवाल)
विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर।

**प्रतिलिपि:-** 01. प्रबन्धक (संचार), सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर - कार्य निष्पादन हेतु।
02. प्रबन्धक (वित्त), सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर - सूचनार्थ।
03. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर - सूचनार्थ।
04. सहायक श्रम आयुक्त, जोधपुर।
05. क्षेत्रीय कर्मचारी भविष्य निधि आयुक्त, जोधपुर।
06. संबन्धित अनुभाग की गार्ड फ़ाइल।

(अवधेश अग्रवाल)
विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

अनुलग्नक-अ

## Schedule of Quantities

**ई-निविदा संख्या -: 2021_AAI_92427_1**

**विषय -: WORK ORDER FOR JOB CONTRACT OF CONSERVENCY WORK FOR DAILY UPKEEP OF CNS & AS EQUIPMENT AT JODHPUR AIRPORT.**

| Sl. No. | Item Description | QTY | Units | Basic Rates (In Rs.) | Total Amount without Taxes (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Providing Unskilled Personnel (01 no.) at Civil Airport, Jodhpur | 12 | Month | 14014 | 168168 |

(अनिल चौधरी)
प्रबन्धक(संचार)
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर।

(अवधेश अग्रवाल)
विमानपत्तन निदेशक
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
सिविल हवाईअड्डा, जोधपुर।



Signature Not Verified
Digitally signed by ANIL CHOUDHARY
Date: 2021.12.24 10:31:18 IST
Location: eProcurement System for Central PSUs